हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

2
होलाष्टक के पूर्व पूजा उपरांत ननि के नए भवन में शुरू हुआ कामकाज



## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रशिक्षण 11 मार्च तक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रोहित व्यास के निर्देशानुसार आठों विकासखण्डों के समस्त ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाईयों के रजिस्ट्रारों, उप रजिस्ट्रारों जन्म-मृत्यु को प्रशिक्षण 25 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक दिया जाएगा। इस हेतु जिले के सभी विकासखण्डों में प्रशिक्षण स्थल का चिन्हांकन किया गया है। इनमें 25 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष मनोरा एवं जशपुर में, 26 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष कुनकुरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, 27 को सामुदायिक भवन फरसाबहार, 2 मार्च को सामुदायिक भवन दुलदुला, 06 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष बगीचा, 10 मार्च को प्रतिभा महिला संकुल संगठन भवन कांसाबेल एवं 11 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष पत्थलगांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### होली के दिन 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग के आदेशानुसार 4 मार्च को होली के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में ष्शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोहित व्यास ने 4 मार्च को होली के अवसर पर 3 मार्च की रात्रि 10 बजे से 5 मार्च की सुबह 10 बजे तक जिला जशपुर के समस्त देशी, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानों तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों एवं बार को पूर्णतः बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर व्यास ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## नशे के सौदागरों पर जशपुर पुलिस का बड़ा प्रहार

# 67 किलो गांजा सहित अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना तपकरा क्षेत्र में लावाकेरा बैरियर पर नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक सिल्वर रंग की हुंडई वरना कार से 67 किलो 135 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा और कार की कुल अनुमानित कीमत करीब 40

शेष पेज 4 पर

■ नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश तेज



### मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल लावाकेरा में पकड़ाया तस्कर

26 फरवरी को थाना तपकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, उड़ीसा की ओर से एक सिल्वर रंग की हुंडई वरना क्रमांक डीएल 8 सी एएक्स 8014 में भारी मात्रा में गांजा बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने लावाकेरा बैरियर पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। डिक्की में स्टेपनी रखने की जगह पर छिपाकर रखी गई प्लास्टिक की बोरी से 65 पैकेट में 67 किलो 135 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

**आरोपी की पहचान और बरामदगी:** गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमन कुमार हिमांशु उम्र 36 वर्ष, निवासी मंडईडीह, थाना पातेपुर, जिला वैशाली बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 67 किलो 135 ग्राम गांजा कीमत लगभग 33 लाख 50 हजार रुपए हुंडई वरना कार कीमत लगभग 6 लाख 50 हजार रुपए, 2 मोबाइल फोन कुल मिलाकर लगभग 40 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई:** आरोपी के विरुद्ध थाना तपकरा में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**एसएसपी का सख्त संदेश-:** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि, जशपुर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## अवैध रेत खनन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी

**जशपुरनगर।** अवैध रेत खनन व परिवहन के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित जांच कर ठोस कार्रवाई की है। सहायक खनि अधिकारी ने बताया कि, जांच के दौरान ग्राम भुड़केला, तहसील जशपुर में वाहन क्रमांक सीजी 14 एमजी 1390 से अवैध रूप से रेत परिवहन किया जाना पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त किया गया तथा खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि, तहसील फरसाबहार क्षेत्र में ईब नदी से अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जांच के दौरान पूर्व में 9 फरवरी 2026 को ईब नदी से निकाली गई 960 घनमीटर रेत अमय कंस्ट्रक्शन, जशपुर से जब्त की गई थी। इस मामले में भी अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, तहसील फरसाबहार अंतर्गत ईब नदी पर ग्राम बलुवाबहार में वैध रेत खदान स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त अवैध उत्खनन पर रोक लगाने एवं सुव्यवस्थित खनन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्राम दाईजबहार 1 हेक्टेयर, ग्राम खारीबहार 4 हेक्टेयर तथा ग्राम बरकसपाली 1 हेक्टेयर को रेत खदान घोषित कर निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, जिले में अवैध खनन के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



■ रेत से भरा वाहन जप्त, नियमों के तहत प्रकरण दर्ज

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है।

योजना का उद्देश्य युवाओं को उनके मनपसंद ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जशपुर जिले में सिक्योरिटी गार्ड कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निशुल्क आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को भी प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं का प्लेसमेंट भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रारंभिक स्तर पर 10 हजार से 15 हजार रुपए तक का मासिक वेतन छत्तीसगढ़ में ही प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 7697584747 पर संपर्क कर सकते हैं। सीमित सीटें उपलब्ध होने के कारण युवाओं से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है, ताकि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

## मुख्यमंत्री साय ने दी जिले को बड़ी सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को विकास की नई रफ्तार देते हुए 9 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए कुल 30 करोड़ 59 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा, व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी। दो वर्षों के भीतर मिली इस करोड़ों की सौगात से जिले की सड़क व्यवस्था का व्यापक कायाकल्प हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है। जिले के ढूंड़गजोर से चिढ़रापारा पत्थलगांव तक 2 किमी 1 करोड़ 96 लाख, ग्राम ढोंगादरहा से अम्बाकछार मार्ग 3 किमी 4 करोड़ 84 लाख, ग्राम पंचायत मुड़ापारा से घिंचापानी होते हुए पंगसुवा मार्ग 4.85 किमी 4 करोड़ 26 लाख, ग्राम कोतबा से सरईकोना होते हुए पिकपारा मार्ग 4.60 किमी 4 करोड़ 59 लाख, कांसाबेल के बटाईकला प्रेमनगर से मारचाईढोढ़ी मार्ग दृ 2.90 किमी 2 करोड़ 79 लाख, कांसाबेल खूंटीटोली बस्ती से चेतबा हाई स्कूल मार्ग 2 किमी 2 करोड़ 4 लाख, कांसाबेल कोरंगा से नवाटोली से भागलपुर मार्ग 2 किमी 2 करोड़ 14 लाख, कुड़केल खजरी के पटेलपारा से बगई झरिया मार्ग 3.80 किमी 3 करोड़ 28 लाख, कोकिया खार से आमकानी मेन रोड तक 4 किमी 4 करोड़ 69 लाख की मंजूरी मिली है।




### विकास को मिलेगी रफ्तार

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधा बेहतर होगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे गांव-गांव में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। यह स्वीकृति जशपुर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिना छुट्टी लिए स्कूल से गायब होने पर शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**पत्थलगांव।** अब बिना छुट्टी लिए अपने निजी काम के टलते स्कूल से गायब होने पर शिक्षकों खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने निजी कार्य के लिए लगातार स्कूल से गायब रहते हैं, और अपना निजी कार्य को ड्यूटी टाइम में करते हैं, जिससे स्कूलों की पढ़ाई काफी प्रभावित होती है। आए दिन स्कूली शिक्षकों को अन्य सरकारी विभागों में देखा जाता रहा है, वो भी बिना छुट्टी लिए। एक तरफ शिक्षक अपने अन्य काम भी करते रहते हैं एवं दूसरी तरफ अपनी ड्यूटी की औपचारिकता भी पूरी करते रहते हैं। इसको देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव ने आदेश जारी किया है कि, बिना छुट्टी लिए कोई भी शिक्षक यहां-वहां नहीं जा सकेंगे। अगर जाते हैं, तो पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी इस निर्देश से काफी हद तक स्कूली शिक्षकों के निजी काम को लेकर स्कूल से नदारद होने पर विराम लग सकेगा। अब शिक्षक स्कूल छोड़ कर बिना छुट्टी लिए कहीं जाएंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री नवोदय विद्यालय में स्काउट्स एंड गाइड्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

**अम्बिकापुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट्स गाइड्स प्रशिक्षण का समापन जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में स्काउट मास्टर ऋषि कुमार और गाइड कैप्टन सुश्री नीलकमल चड्ढा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की। प्रशिक्षक गोपाल सिंह एवं रवि यादव ने प्रथम सोपान की गतिविधियों पर प्रशिक्षण दिया। इस दौरान ध्वज शिष्टाचार एवं परेड अभ्यास, गांठ बांधने की विधि, टीमवर्क, सेवा कार्य, प्रकृति, अध्ययन, प्राथमिक उपचार, कैंप फायर, समूह गीत, कैंप क्राफ्ट, देशभक्ति गीत, खेलकूद एवं सामाजिक सेवा आदि की गतिविधियां संचालित की गई। अंतिम जिला संगठन आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### पटना सरपंच के नेतृत्व में 26 घंटे बाधित रही आमगांव खदान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान में बुधवार दोपहर पटना सरपंच द्वारा ग्रामीणों के साथ पहुंचकर उत्पादन कार्य बाधित करने के कारण खदान लगभग 26 घंटे तक बंद रही। इस दौरान कोयला उत्पादन और ओबी रिमूवल का कार्य पूरी तरह ठप हो गया, जिससे कंपनी को भारी क्षति उठानी पड़ी। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर सरपंच 40-50 ग्रामीणों के साथ खदान पहुंचीं और कोयला उत्पादन व ओबी हटाने का कार्य रुकवा दिया। प्रबंधन की ओर से इस दौरान कई बार बातचीत कर खदान शुरू कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सरपंच खदान में निजी कंपनी के अधीन दस लोगों को नौकरी देने की मांग पर अड़ी रहीं,सूचना मिलने पर तहसीलदार मनहरण राठिया एवं रामानुजनगर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा भी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा की, परंतु तत्काल कोई समाधान नहीं निकल सका। बताया जाता है कि दूसरे दिन उत्पादन कार्य में लगी निजी कंपनी आशीर्वाद द्वारा आगामी माह में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद गुरुवार दोपहर बाद खदान का संचालन पुनः शुरू हो सका। खदान बंद रहने से करीब 4 हजार टन कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ। साथ ही मशीनें बंद रहने से ओबी रिमूवल कार्य भी बाधित रहा, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही सरपंच महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची थीं, जहां गांव के नौ ग्रामीणों में से चार को नियुक्ति पत्र तथा पांच को मेडिकल परीक्षण हेतु खुद पत्र सौंपा था। इसके बावजूद अचानक खदान बंद कराने की कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रबंधन ने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर सहित उच्चाधिकारियों से कर दी है। गुरुवार दोपहर खदान पुनः प्रारंभ होने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

### 73 महिला पशु सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

रामानुजनगर। छत्तीसगढ़ में संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना के तहत रामानुजनगर में एक दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 73 महिला पशु सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को पशु सखी के रूप में सशक्त बनाते हुए पशुपालन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के डॉ. कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं आईजीएस के आजीविका विशेषज्ञ आशीष कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पशुपालन के महत्व, दूध उत्पादन बढ़ाने के उपाय, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, प्रमुख रोगों खुरपका-मुंहपका एवं गलघोटू की जानकारी तथा नियमित टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कृमिनाशक दवा देने की विधि और प्राथमिक उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। पोषण प्रबंधन के अंतर्गत हरा एवं सूखा चारा, संतुलित आहार, मिनरल मिक्सचर के उपयोग तथा नेपियर घास जैसी चारा फसलों की खेती पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया।

## भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है निर्माण

# होलाष्टक के पूर्व पूजा उपरांत ननि के नए भवन में शुरू हुआ कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का मंगलवार को आनन-फानन में शुभारंभ किया गया। होलाष्टक में शुभ कार्य वर्जित होने के कारण सोमवार को शाम आयुक्त डीएन कश्यप ने पूजा-अर्चना कर प्रशासनिक कार्यालय का शुभारंभ किया।

**खास बात**

- नीचे जन प्रतिनिधियों के कक्ष एवं ऊपर प्रशासनिक कार्यालय

प्रतीक्षा बस स्टैण्ड मार्ग स्थित गौरव पथ के किनारे लम्बे समय से नगर निगम के प्रशासनिक कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा था। इसके पूर्व भी ननि के जन प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक कार्यालय निर्माण की पहल की थी लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई थी। भवन निर्माण पूरा होने के बाद कर्मचारियों ने पूर्व से ही पुराने कार्यालय से दस्तावेजों को नए कार्यालय में लाने का काम शुरू कर दिया था। मंगलवार से होलाष्टक लगने के कारण सोमवार को आयुक्त डीएन कश्यप ने नवीन प्रशासनिक भवन में पूजा-अर्चना की तथा मंगलवार को प्रशासनिक कार्यालय की औपचारिक शुरूआत की गई। आयुक्त दोपहर 12 बजे नए भवन स्थित कार्यालय पहुंचे एवं अपने कक्ष से प्रशासनिक कार्यों का संचालन किया। उन्होंने अपने कक्ष में ननि के अधिकारियों की बैठक भी ली। प्रथम दिवस ननि के जनप्रतिनिधि नए भवन में नहीं पहुंचे थे। लगभग 60 डिसमिल भूमि में निर्मित ननि के तीन मंजिले भवन में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुविधाएं विकसित की गई है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कार्यालय के भूतल पर जनप्रतिनिधियों के अलग-अलग कक्ष बनाए गए है। भूतल में ही जनसेवा से संबंधित विभागों के काउंटर बनाए गए हैं। बुजुर्गों को करों के भुगतान में कठिनाई न हो इसलिए जल कर, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु सहित अन्य विभागों के काउंटर एवं पीएम आवास से संबंधित काउंटर भूतल पर बनाए गए हैं। प्रथम मंजिल पर महापौर, सभापति के कक्ष, एमआईसी सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के कक्ष बनाए गए है। वही सामान्य सभा के लिए विशाल हॉल का भी निर्माण किया गया है। दूसरी मंजिल पर आयुक्त सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय है। इस मंजिल पर विभिन्न विभाग के तकनीकी अधिकारियों, लेखा, स्थापना एवं स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय है। खास बात है कि कार्यालय भवन में पर्याप्त जगह की व्यवस्था की गई है जहां कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक, वीडियो-कांफ्रेसिंग आदि का संचालन आसानी से हो सकेगा।



अपने कक्ष में अधकारियों की बैठक लेते आयुक्त।

### सामान्य सभा की बैठक के लिए बना हॉल

नए भवन में नगर निगम की सामान्य सभा के लिए विशाल हॉल बनाया गया है। हालांकि अभी इस हॉल में सामान्य सभा के अनुकूल सुविधाएं विकसित करने का काम शेष बचा है। हॉल में 120 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। सुविधाएं विकसित करने के लिए शासन द्वारा 80 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण पूरा होने में तीन महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। भवन में आवश्यकतानुसार भविष्य में लिफ्ट लगाने की भी व्यवस्था रखी गई है। निकट भविष्य में गांधी चौक स्थित निनि के भवन में संचालित डेटा सेंटर एवं भवन शाखा भी नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा।

### पुराने भवन में जोनल कार्यालय

नए भवन में प्रशासनिक विभागों की शिफ्टिंग होने के बाद पुराने भवन का उपयोग जोनल कार्यालय के लिए किया जाएगा। ननि ने प्रशासनिक कसावट के लिए शहर को विभिन्न जोन में बांटा है। वर्तमान में जोनल कार्यालयों का संचालन सामुदायिक भवनों में किया जा रहा है। प्रशासनिक विभागों की शिफ्टिंग होने के बाद भवन में जोनल कार्यालय का संचालन किया जाएगा।

### चल रही शिफ्टिंग

नए भवन में प्रशासनिक विभागों के शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है। तीन-चार दिन में सभी सामान शिफ्ट हो जाएंगे तथा नए भवन से ही सभी कार्य संचालित किए जाएंगें।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि

## महुली परीक्षा केन्द्र में पर्यवेक्षण के दौरान एंड्रॉयड मोबाइल पकड़े मिले दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बोर्ड परीक्षाओं में पर्यवेक्षक कार्य पर तैनात शिक्षक ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं शिक्षक परीक्षा केंद्र में पर्यवेक्षण के लिए अपने हाथों में एंड्रॉयड मोबाइल रखकर ड्यूटी कर रहे हैं। उड़नदस्ता दल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरसोप में पर्यवेक्षण कार्य कर रहे दो शिक्षक अपने हाथों में एंड्रॉयड मोबाइल पकड़े मिले।

- बीईओ ने नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

बोर्ड परीक्षा के पूर्व विभाग द्वारा केन्द्राध्यक्षों की बैठक कर बोर्ड परीक्षा के नियमों की जानकारी देने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों से अवगत कराया गया था। बोर्ड परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक कार्य कर रहे शिक्षकों को शिक्षा मण्डल द्वारा कक्ष में एंड्रॉयड मोबाइल नहीं रखने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दल ने 23 फरवरी को सुबह 10 बजे मोहरसोप परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तो कक्ष क्रमांक 1 में पर्यवेक्षण कर रहे माध्यमिक शाला बसनारा के शिक्षक खिलेश्वर डहरिया एवं कक्ष क्रमांक 3 में पर्यवेक्षण कर रहे माध्यमिक शाला, कैलाश नगर के शिक्षक रामलखन पोर्ते अपने हाथों में एंड्रॉयड मोबाइल पकड़े मिले। केंद्राध्यक्ष ने पर्यवेक्षकों की इस बड़ी लापरवाही पर ध्यान नहीं दिया तथा शिक्षकों को पर्यवेक्षण के दौरान एंड्रॉयड मोबाइल रखने की छूट दे दी। पर्यवेक्षकों के एंड्रॉयड मोबाइल के साथ पर्यवेक्षण को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशों एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की अवहेलना मानते हुए नोटिस जारी कर तीन दिन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है एवं जांच प्रतिवेदन से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है।

### डीलिस्टिंग मुद्दे पर बतौली में हुई कार्यशाला

**अम्बिकापुर।** डीलिस्टिंग महारैली की तैयारी को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा बतौली कार्यशाला का आयोजित जनजाति समाज के संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान मंच के पदाधिकारियों ने दिल्ली में आयोजित होने वाली डिलिस्टिंग महारैली की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी करने का अह्वान किया। पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को महारैली की रूपरेखा, यात्रा, प्रचार-प्रसार आदि से अवगत कराया। कार्यशाला को प्रांत सह संयोजक इंदर भगत, देवनाथ पैकरा ने संबोधित किया। इस दौरान राजेंद्र पैकरा, श्रीराम भगत, रामकैलाश पैकरा, आदिया राम, करमचंद सिंह, सबल साय सहित बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग उपस्थित थे।



## कार सवार युवकों द्वारा नाबालिग छात्रा के अपहरण करने की कोशिश करने का मामला निकला फर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के अवराडुग्गू मोहल्ला स्थित माध्यमिक शाला की कक्षा सातवीं की 13 वर्षीय छात्रा द्वारा कार सवार युवकों पर अपहरण के प्रयास का लगाया गया आरोप जांच में पूरी तरह मनगढ़ंत और फर्जी निकला है,पुलिस की विस्तृत जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और कार सवार युवकों से पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

- कहानी निकली मनगढंत, नाबालिग़ छात्रा ने हर बार दिया अलग बयान, परिवार के किया गया सुपुर्द

बुधवार को नाबालिग छात्रा ने आरोप लगाया था कि कार सवार युवकों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस सक्रिय हुई और विद्यालय के पास से गुजर रही संदिग्ध कार को जब्त कर उसमें सवार युवकों को हिरासत में लिया,पुलिस ने छात्रा और युवकों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की, लेकिन इस दौरान छात्रा हर बार अपने बयान बदलती रही,जिससे संदेह और गहरा गया,पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें अपहरण के प्रयास जैसी कोई घटना सामने नहीं आई।,इसके बाद छात्रा को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां भी वह अपने बयान बदलती रही,अंततः जांच के बाद मामला फर्जी पाया गया।दूसरे दिन पुलिस ने नाबालिग छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बिश्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश राठौर ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें,उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने की भी सलाह दी है।

### तुलसी स्थित किसान के खेत से ट्यूबवेल चोरी मामले में दो आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ग्राम तुलसी स्थित किसान के खेत से चोरी हुए ट्यूबवेल पंप के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है,आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोटर पंप और वारदात में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है,लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम तुलसी निवासी 62 वर्षीय बृजलाल यादव ने गत दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके खेत में लगा 5 एचपी का ट्यूबवेल मोटर पंप अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसके बाद पुलिस ने धारा 303 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की,जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम द्वारिकानगर के दो युवक अपने घर में ट्यूबवेल मोटर पंप छिपाकर रखे हुए हैं और उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं,सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर द्वारिकानगर निवासी 25 वर्ष सुरेश पिता जगत राम एवं 23 वर्षीय रामकुमार पिता होती लाल को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की,उनके मेमोरेंडम कथन के आधार पर 14,500 रुपए कीमती एक नग ट्यूबवेल मोटर पंप बरामद किया गया,साथ ही घटना में प्रयुक्त एक नग पलाश भी जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है,कार्रवाई में लटोरी प्रभारी अरुण गुप्ता,प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह,आरक्षक सुनील एक्का, संतोष जायसवाल और सोमनाथ कुशवाहा सक्रिय रहे।



## होली त्यौहार को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

एसडीएम अनमोल टोप्पो एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम की उपस्थिति में होली त्यौहार को देखते हुए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में होली त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदाय के लोग थाना परिसर में उपस्थित होकर अपनी अपनी राय दी। होली से एक दो दिन पूर्व से ही यातायात नियम को लागू करने की बात कही गई। साथ ही होलिका दहन एवं होली त्यौहार के समय सभी जगह चौक चौराहों पर पुलिस द्वारा निगरानी रखे जाने की बात कही गई। साथ ही शनिवार बाजार के दिन भारी वाहनों को मुख्य मार्ग में चलने पर रोक लगाने का सुझाव दिए। गांव गांव में फेरी लगाकर कपड़ा या अन्य सामग्री बेचने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से निगरानी रखने व ध्यान देने की बात कही। बैठक में तहसीलदार रोकी एक्का, थाना प्रभारी विरासत कुजूर, नपं अध्यक्ष राजेंद्र भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, संजय जायसवाल, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर नायक, इंद्र देव निकुंज, देव साय भगत, मो. शमीम, मुजम्मम नजर , सोनू अली, मो. सद्दाम, जरीफ अंसारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## हितग्राहियों एवं समिति की राशि गबन करने के आरोप में वेटनरी विभाग का लिपिक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय अनियमितता के मामले में कार्रवाई करते हुए उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 प्रदीप कुमार अम्बष्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवरण क्रमांक-1 अंतर्गत हितग्राहियों के अंशदान की राशि 44 लाख 54 हजार 700 रुपए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं अम्बिकापुर जिला सरगुजा के खाता क्रमांक 32384036588 में जमा नहीं की गई। वहीं विवरण क्रमांक-2 अंतर्गत पशु रोगी कल्याण समिति, सरगुजा के खाता क्रमांक 1037917860 में राशि रु. 63 लाख 29 हजार 640 रुपए जमा नहीं किए जाने का मामला सामने आया। इस संबंध में सहायक ग्रेड 2 को 13 जुलाई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया किंतु उनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद इस मामले में 22 जुलाई को को 5 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई।

- एक करोड़ से अधिक के हेरफेर का मामला

समिति द्वारा 28 जुलाई एवं 1 अगस्त को प्रतिवेदन पेश किया गया जिसमें पाया गया कि कर्मचारी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त 29 जुलाई एवं 8 अगस्त को पुनः कारण बताओ नोटिस जारी किया गया किंतु संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। जांच में यह भी पाया गया कि श्री अम्बष्ट द्वारा 14 अगस्त को उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग के लेटरहेड का उपयोग व्यक्तिगत कार्य में किया गया जो शासकीय नियमों के विपरीत है। उक्त तथ्यों के आधार पर प्रदीप कुमार अम्बष्ट को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पशु चिकित्सालय मैनपाट नियत किया गया है।

## साइबर ठगी के पैसों को दूसरों के खाते में मंगाकर आहरण करने वाला ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर ठगी के पैसों को च्वाइस सेंटर संचालक के खाते में मंगाकर आहरण करने और धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदतन बदमाश है और पूर्व में भी इसी तरह से राजपुर, बलरामपुर सहित कई अन्य स्थानों पर ठगी की वारदात को अंजाम दे चुका है।

- पूर्व में बलरामपुर जिले में भी कर चुका है ठगी

बता दें कि गांधीनगर सकालो निवासी सुजीत मंडल ने 16 नवम्बर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 नवम्बर को उसके काली माई च्वाइस सेंटर में बिहार के बरबल चंपारण निवासी अनिश गिरी नामक युवक ने खुद को सब्जी विक्रेता बताते हुए बताया था कि उसका खाता ठीक से चल नहीं रहा है और उसके मालिक द्वारा पैसे भेजे गये है। युवक को अपने झांसे में लेकर आरोपी ने उसके खाते में एक लाख रूपए ट्रांसफर करा लिए और उक्त राशि को उसके च्वाइस सेंटर से आहरित कर लिया।

बाद में जब सुजीत मंडल का खाता ब्लॉक हुआ तो उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनिकी जानकारी के आधार पर सद्दाम अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी अनीश गिरी के साथ मिलकर साइबर ठगी व अपराध से संबंधित रुपए को बैंक खातों के माध्यम से निकालकर अनीष गिरी को दिया करता था एवं सीडीएम मशीन से ट्रांसफर किया करता था। जिसका उन्हे कमीशन मिलता था। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 61(2), 317(4) जोड़कर आरोपी सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया था। मामले मे पुलिस टीम द्वारा अग्रिम कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल आरोपी अनीस गिरी, वर्षा सिंह पोर्ते को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया एवं दुकान पर आने वाला व्यक्ति जो स्वयं को अनिष गिरी होना बताकर आधार दिखाया था उक्त आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने झारखण्ड के पलामू रेलहा केतात निवासी हाल मुकाम बौरिपारा केनाबांध निवासी अनूप कुमार चौबे आ. नागेंद्र नाथ चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया है।

आरोपी अनुप कुमार चौबे का पूर्व में भी ठगी के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है और वह कमीशन लेकर रूपए ट्रांसफर कराने का काम करता था। इस कार्रवाई में पुलिस ने बीएनएस की धारा 111 जोड़कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## प्रधानमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

# भारतीय मजदूर संघ का श्रमिक हितैषी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) द्वारा बुधवार को देशव्यापी आह्वान के तहत जिला मुख्यालय सूरजपुर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व रैली का आयोजन किया गया,कार्यक्रम के पश्चात श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर सूरजपुर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञात हो कि भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन 6, 7 व 8 फरवरी को पुरी (ओडिशा) में संपन्न हुआ था, जिसमें देशभर के श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं पर व्यापक चर्चा कर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए थे,अधिवेशन पूर्व संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौंपा था। इन्हीं मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर 25 फरवरी को देश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में सूरजपुर के नए बस स्टैंड में धरना-प्रदर्शन आयोजित कर रैली निकाली गई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। अन्य वक्ताओं में मजरुल हक अंसारी, कोल फेडरेशन के संजय सिंह, चंदा राजवाड़े (आंगनबाड़ी), अमर सिंह (जिला अध्यक्ष, भवन निर्माण एवं कर्मकार संघ) ने सभा को संबोधित किया।

धरना-प्रदर्शन में कोल क्षेत्र से 150, आंगनबाड़ी संघ से 112 तथा भवन एवं निर्माण मजदूर संघ से 104 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सालिक राम ने किया।संघ पदाधिकारियों ने श्रमिक हितों की अनदेखी पर चिंता जताते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक पहल की मांग की है।





## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण के मानकों का हुआ मूल्यांकन

**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण का मूल्यांकन कार्य दस मानकों के आधार डॉ सुधीर कुमार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायसेन मध्यप्रदेश व डॉ सुनीत कुमार अयोध्या उत्तरप्रदेश द्वारा पूर्ण किया गया,दोनों मूल्यांकनकर्ता ने कार्यक्रम के समापन पर अपने अनुभव और विचार को साझा कर अपनी शुभकामनाएं दी, कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश और सीएमएचओ डॉ केडी पैकरा के मार्गदर्शन में एनक्वास प्रमाणीकरण के लिए जिला और राज्य स्तर पर मूल्यांकन में उत्तीर्ण होने पश्चात दो केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता द्वारा 23 से 24 फरवरी को अस्पताल का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया,चेकलिस्ट अनुसार लगातार 2 दिनों तक अस्पताल के सभी 8 विभाग सामान्य प्रशासन,आईपीडी,ओपीडी,लैब,प्रसव कक्ष,आपातकालीन सेवा,ऑक्जिलरी सेवा,इनफेक्शन कंट्रोल व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और ब्लॉक में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को राष्ट्रीय मानक के आधार पर आंकलन प्रारंभ कर,अस्पताल के सभी विभागों के नोडल और कर्मियों के कार्य को परखा गया,ईलाज के दौरान मरीजों से किए जा रहे उनके व्यवहार को भी आंका गया,डॉ सुधीर कुमार और डॉ सुनीत कुमार ने अपने अनुभव को साझा कर सुधार के लिए जरूरी सुझाव दिया,साथ ही बताया गया कि कार्य में गुणवत्ता एक सतत प्रक्रिया है,जो निरंतर जारी रहना चाहिए।



27-Feb- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 27-02-2026 19:37 Page 1





# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

**मुंबई।** 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

## लाइफ Style

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।


विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।

## हॉलीवुड मसाला

# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन में बंधेगीं।



# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।' लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना

**मुंबई।** इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा



**नई दिल्ली।** गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है।

# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

**मुंबई।** 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम' और 'प्लेयर्स' में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी





**मुंबई।** सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।

## थिएटर के बाहर तैनात एम्बुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद


# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की जरूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे ब्रदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर में देखने की हिम्मत दिखाएं तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का किसानों को लाभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों को केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा है, ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सके इसी कड़ी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेम्पू के किसान सुनील भगत द्वारा टमाटर की खेती की गई उद्यानिकी विभाग से परामर्श बाद टमाटर की जीके देशी किस्म लगाई, जिसमें प्रति एकड़ 9 टन उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि, सीजन अनुसार सब्जी की खेती करते हैं। इस सीजन में उन्होंने लगभग 85 हजार 500 रुपए के टमाटर की ब्रिकी की। कुल लागत राशि काटकर किसान भगत को 55 हजार 500 रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। किसान द्वारा अन्य योजनाओं का लाभ लेकर खेती किया जा रहा है। अब वे ड्रीप, मिल्चिंग को लेकर खेती की उन्नत विधि से जुड़ने की ओर अग्रसर है।

**अन्य किसानों पर कृषक की सफलता का प्रभाव -** ग्राम पंचायत टेम्पू एवं आस-पास के ग्राम पंचायत के किसानों ने सुनील भगत की खेती देख कर, उन्नत खेती करना शुरू कर दी है। कृषि तकनीक हेतु विभागीय योजनाओं से निरंतर जुड़ रहे हैं, ताकि अधिक लाभ लें सके।

### पाँच पुलिसकर्मियों की सड़क दुर्घटना में मौत

**झारसुगुड़ा।** झारसुगुड़ा जिले के पाँच पुलिसकर्मियों की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना से पुलिस विभाग और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर फैल गई है। दिवंगत अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक शोकसभा का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। स्मृति सभा के दौरान दिवंगत आत्माओं को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठाए अनुशासन और सेवा भावना को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने कहा कि दिवंगत जवानों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया।

### श्री श्याम मंदिर में 44वें श्याम फाल्गुन महोत्सव

**राउरकेला।** बिरसा डाहर रोड स्थित श्याम मंदिर परिसर में गुरुवार को भव्य मंगल पाठ के साथ तीन दिवसीय 44वें श्याम फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। आयोजन के साथ ही मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में विवाहित महिलाएं पारंपरिक लाल साड़ी और चुनरी धारण कर मंगल पाठ में शामिल हुईं। उनकी श्रद्धा और उत्साह ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

## पेज 1 का शेष

### 67 किलो गांजा ...

लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**महिला साथी की तलाश तेज-** पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि, उसकी पहचान हाजीपुर में एक महिला से हुई थी। उसी के कहने पर वह संबलपुर से गांजा लेकर बिहार जा रहा था। महिला उड़ीसा में ही कार से उतर गई थी और आरोपी को पटना तक माल पहुंचाने के लिए कहा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर संदिग्ध महिला की पहचान कर ली है और उसकी तलाश जारी है। गांजा खरीद-फरोख्त के नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है।



18 किमी पदयात्रा कर भक्तों ने चढ़ाया सूरजगढ़ निशान

# कोतबा में धूमधाम से मना रंगभरी फाल्गुनी एकादशी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण स्थित श्रीश्याम मन्दिर में शुक्रवार 27 फरवरी को रंगभरी फाल्गुनी एकादशी महोत्सव अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष के आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि, पहली बार बाबा के प्रिय 'सूरजगढ़ निशान' को इस यात्रा में शामिल किया गया। श्याम बाबा के प्रति अपनी अगाध आस्था दिखाते हुए भक्त लैलूंगा से 18 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा कर इस पावन निशान बाबा को समर्पित किया, नगर सहित क्षेत्र से सैकड़ों महिलाओं भक्तों ने निशान लेकर यात्रा में सम्मिलित होकर श्याम रंग में रंगे नजर आए।

शाम 4 बजे से ही नगर में भव्य निशान यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा निकलते ही पूरा माहौल रंग-गुलाल और होली के उल्लास से सराबोर हो गया। हाथों में सूरजगढ़ ध्वज और अन्य नीले, पीले, लाल, गुलाबी रंग के 101 से अधिक निशान लेकर सैकड़ों भक्तों ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीश्याम मन्दिर से निकली यह निशान यात्रा तिलगोड़ा प्रांगण से होते हुए रायगढिया चौक, मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड, परशुराम चौक, राममन्दिर होते हुए वापस श्याम मन्दिर तक पूरे नगर का भ्रमण कर संपन्न हुई। डीजे की धुन और सुमधुर भक्ति गीतों पर झूमते हुए श्याम भक्तों ने पूरे नगर को बाबा के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। यात्रा में श्री श्याम जी की एक आकर्षक झांकी भी शामिल थी, जिस पर सजे बाबा के दरबार में भक्तों ने शीश नवाया। व प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया और अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। बाबा को छप्पन भोग



अर्पित किया गया और इसके पश्चात अखण्ड भंडारा के माध्यम से हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं, रात्रि 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव केक काटकर और महाआरती के साथ अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। आयोजक समिति के प्रवीण शर्मा ने बताया कि, प्रतिवर्ष यहां आयोजित होने वाला फाल्गुनी एकादशी महोत्सव विशेष होता है, क्योंकि इस आयोजन को कराने और भक्तों को बुलाने वाले भी बाबा श्रीश्याम होते हैं। बाबा की इसी कृपा से यह भव्य आयोजन निर्विघ्न और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। इसी क्रम में रात 8 बजे से 'रंगभरी एकादशी भजन संध्या' का शानदार आगाज हुआ। चंद्रपुर से आए भजन प्रवाहक भूपेन्द्र देवांगन एवं म्यूजिकल ग्रुप ने अपने सुमधुर भजनों की ऐसी बयार बहाई कि, सभी भक्त श्याम भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर हो गए। इस दौरान ब्रज की तर्ज पर भक्तों ने फूलों और रंगों की होली खेली।

### 18 किमी पदयात्रा कर पहुंचे भक्त, चढ़ाया निशान

शुक्रवार सुबह 10 बजे रायगढ़ जिले के लैलूंगा स्थित बाजार पारा के राधा कृष्ण मंदिर में श्याम भक्त एकत्रित हुए। यहां से हाथों में श्याम ध्वज उठाए भक्तों ने खाटू वाले श्याम जी के मंदिर कोतबा तक की 18 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा शुरू की। रास्ते भर श्याम नाम का गुणगान करते हुए यह पदयात्रा शाम 5 बजे कोतबा पहुंची, जहां दर्शन के पश्चात बाबा को निशान अर्पित किए गए। इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल और डीजे की धुन पर झूमते भक्तों ने भारी आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा में शामिल आकर्षक झांकी और हाथों में नीले व पीले ध्वज लिए सैकड़ों महिलाओं और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### महाबलिदान का प्रतीक है निशान

निशान चढ़ाने के पीछे की पौराणिक मान्यता श्याम बाबा के उस महाबलिदान से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए भगवान श्रीकृष्ण को अपना शीश दान कर दिया था। यह निशान उसी विजय और शीश दान का प्रतीक माना जाता है। यात्रा में मुख्य रूप से केसरी, नीले, सफेद, लाल और पीले रंग के झंडे शामिल थे, जिन पर श्याम बाबा और भगवान कृष्ण के चित्र व जयकारे अंकित थे।

# संकल्प शिक्षण संस्थान में 9वीं व 11वीं की प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में 40-40 विद्यार्थियों एवं 11वीं में गणित संकाय हेतु 10-10 विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 31 मार्च 2026 तक संकल्प शिक्षण संस्थानों अथवा संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में जमा किए जा सकेंगे।



- जेईई की तैयारी करने वाले छात्र 31 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

उल्लेखनीय है कि संकल्प शिक्षण संस्थान का बोर्ड और जेईई- नीट की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम का रिकॉर्ड रहा है। यह निशुल्क आवासीय संस्थान हिंदी माध्यम में संचालित है फिर भी इच्छुक अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी भी हिंदी माध्यम में अध्ययन हेतु आवेदन कर सकेंगे। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करने के साथ ही आवेदन पत्र पर रोल नंबर आवंटित कर परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र प्रदान करेगे। कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जो वर्तमान में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं और गणित या विज्ञान विषय में अध्ययन करने के इच्छुक हैं तथा जिनके कक्षा 8वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। वहीं कक्षा 11वीं की प्रवेश परीक्षा में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे, जो केवल जेईई की तैयारी करने के इच्छुक हैं तथा जिन्होंने कक्षा 10वीं में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल 2026, रविवार को जिला मुख्यालय में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में कक्षा 9वीं के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा कक्षा 11वीं के लिए 11 बजे से दोपहर 2 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम उसी दिन सायं 5 बजे परीक्षा केंद्रों एवं संस्थान के सूचना पटल पर घोषित किए जाएंगे। कक्षा 9वीं की परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन एवं एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं पाठ्यक्रम के साथ तार्किक एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। वहीं कक्षा 11वीं की परीक्षा कक्षा 10वीं स्तर के भौतिकी, रसायन एवं गणित विषय पर आधारित होगी। प्रावीण्य सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग निर्धारित तिथि पर संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सड़कों पर उतरीं आंगनबाड़ी सहायिका-कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संयुक्त मंच के आह्वाहन पर छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के बैनर तले भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं सड़कों पर उतरीं। जिलाध्यक्ष कविता यादव के नेतृत्व पर जिला मुख्यालय जशपुर में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की तादात इतनी ज्यादा थी कि, समूचा जशपुर शहर लाल रंग में रंग गया।

- मांगें पूरी नहीं होने पर तीव्र आंदोलन व विस घेराव की चोतावनी

इस दौरान जोश-खरोश के साथ जमकर नारेबाजी भी की गई। गौरतलब है कि, प्रदेशव्यापी आंदोलन के दौरान जशपुर जिला मुख्यालय में भी दो दिवसीय हड़ताल पर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के समस्त संघ ने एकजुटता का परिचय दिया। सभी संघ की एकजुटता के कारण संयुक्त मंच का गठन हुआ, जिनके आह्वान पर राज्य के सभी जिला मुख्यालय में जिलास्तरीय दो दिवसीय हड़ताल का आयोजन किया गया। हड़ताल के प्रथम दिवस आमसभा एवं विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसका सफलतापूर्वक निर्वाहन एवं संचालन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया है।

### शासकीय कर्मचारी, न्यूनतम वेतन व सामाजिक की मांग

जिलाध्यक्ष ने कहा कि, शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने, न्यूनतम वेतन प्रदान करने और समाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर संयुक्त मंच के आह्वाहन पर छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में दो दिवसीय हड़ताल की है। पहले दिन धरना प्रदर्शन का रहा, वहीं दूसरे दिन रैली का आयोजन हुआ।






### 9 मार्च को विधानसभा घेराव की चेतावनी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के प्रान्तीय आह्वान पर ध्यानाकर्षण करने हेतु कहा, छत्तीसगढ़ के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों मे 26 एवं 27 फरवरी को दो दिवस काम बंद कर सभी जिलो मे धरना रैली प्रदर्शन किया गया। दिनांक 8 मार्च तक हमारी मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति मे संयुक्त मंच आंदोलन को विस्तार करते हुए 9 मार्च 2026 को एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं रायपुर पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेगें।

### शहर भ्रमण कर रैली पहुंची कलेक्ट्रेट, सौंपा गया ज्ञापन

रैली रणजीता चौक स्थित हड़ताल स्थल से लेकर बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी राजवाड़े के नाम जशपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में अंकित है कि, जिस तरह से शिक्षाकर्मियों, पंचायतकर्मियो को नीति बनाकर नियमित किया गया उसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ को भी शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए।

### शासकीय कर्मचारी घोषित होने तक न्यूनतम वेतन कि मांग

शासकीय कर्मचारी घोषित होने तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रतिमाह 26 हजार रूपए एवं सहायिका को 22 हजार 100 रूपए वेतन स्वीकृत किया जाए। मध्यप्रदेश के तर्ज पर प्रतिवर्ष 1 हजार रूपए की वृध्दि की जाए। बुढ़ापे के सहारा के लिए समाजिक सुरक्षा के रूप मे सेवानिवृत्ति और आकस्मिक मृत्यु पर एक मुस्त ग्रेज्युवेटी व मासिक पेशन और समूह बीमा का लाभ दिया जावे। इसके लिए नीति बनाई जाए।

### गुरुंडिया ब्लॉक के सोल में मोबाइल टावर स्थापित

**राउरकेला।** गुरुंडिया ब्लॉक के सोल गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई थी। कई स्थानों पर सिग्नल नहीं मिलने से छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं ग्रामीणों को आपसी संपर्क, बैंकिंग कार्य और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी बाधाएं झेलनी पड़ रही थीं। इस समस्या के समाधान के लिए गांव के समीप एक नया मोबाइल टावर स्थापित किया गया है। टावर शुरू होने के बाद क्षेत्र में नेटवर्क सेवा में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। ग्रामीणों के अनुसार अब फोन कॉल स्पष्ट हो रहे हैं।




# होली से पहले पुलिस की तैयारी हुड़दंगियों को सीधी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

होली से पहले जिले में कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। बुधवार को पुलिस कार्यालय में डीआईजी एवं एसएसपी डा लाल उमेद सिंह ने अनुविभागवार अपराध समीक्षा बैठक लेकर साफ कर दिया कि त्यौहार में खलल डालने वालों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई होगी। बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।



### लंबित मामलों पर सख्ती, अभियान चलाकर होगा निराकरण

बैठक में थाना-चौकीवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीआईजी ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और हर प्रकरण में ठोस प्रगति दिखे। विवेचकों के कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा उच्च गुणवत्ता की विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### गौ-तस्करी, नशे और अवैध कारोबार पर जीरो टॉलरेंस

जिले में गौ-तस्करी, अवैध शराब, गांजा व नशीली दवाओं की तस्करी, जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतरराज्यीय मार्गों पर बेरियर लगाकर सघन नाकाबंदी करने, संदिग्ध वाहनों व एजेंटों पर नजर रखने और सूचना मिलते ही त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया।

### 100 खातों की जांच, कई म्यूल अकाउंट फ्रीज

**राउरकेला।** शहर में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान शुरू किया है। म्यूल अकाउंट के जरिए अवैध लेनदेन किए जाने की शिकायतों के बाद पुलिस ने करीब 100 संदिग्ध बैंक खातों की जांच शुरू की है। जांच के दौरान कई खातों में संदिग्ध रूप से बड़ी रकम के लेनदेन का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, साइबर ठग लोगों को मोबाइल कॉल, फर्जी लिंक और ऑनलाइन निवेश योजनाओं का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। ठगी की रकम को सीधे अपने खातों में न रखकर वे म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं जिससे जांच एजेंसियों को भ्रमित किया जा सके। ऐसे खाताधारकों को कमीशन देकर उनके बैंक खातों का उपयोग अवैध लेनदेन के लिए किया जाता है। हालिया जांच में कई खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज किया गया है जबकि कुछ खाताधारकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई साइबर कवच अभियान के तहत की जा रही है जिसका उद्देश्य साइबर अपराध की श्रृंखला को तोड़ना है।







